सार-समाचार

नगर मंडल की कार्य समिति बैठक

देवगढ़, (निसं)। राज्य स्तरीय कार्य समिति से प्राप्त दिशा निर्देशन की पालना एवं जिला कार्य कार्य समिति द्वारा दिए गए निर्देशन में शनिवार को राजेंद्र कुमार सेठिया नगर अध्यक्ष शोभा लाल रेगर के मुख्य आतिथ्य में मंडल कार्य समिति की भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य वक्ता शोभा लाल रेगर पालिका अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में किए गए कार्यकर्ताओं के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा भीम विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक मतों से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के विजय पर कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। रमेश कंसारा जिला उपाध्यक्ष ने राज्य स्तरीय कार्य समिति में भाग लिया दिए गए बिंदुओं पर प्रकाश डाला कार्यकर्ताओं के मनोबल पर बात की पार्टी में नई ऊर्जा का संचार किया कार्यक्रम में कई वक्ताओं ने अपनी बात रखी जिसमें पार्टी को सभी वर्गों को साथ लेकर चलने विकास के कार्य करने तथा कार्यकर्ताओं द्वारा विकास की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया।प्रदीप सिंह चौहान उपाध्यक्ष पालिका मंडल देवगढ़ ने अपने उद्बोधन में पार्टी के 8 अगस्त से चलने वाला हर घर तिरंगा अभियान की महता पर प्रकाश डाला जिला मंत्री चंदा तिवारी ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने पर चर्चा की इस दौरान माणक सेन, प्यारा लाल रेगर,विमल खोखर, लक्ष्मण प्रजापत,खूमचंद्र वेद, विकास मेहता भागु लाल गुर्जर पार्षद राजेंद्र कंसारा कृष्णकांत उपाध्याय पार्षद आशा सेन पूर्व पार्षद कन्हैया लाल भाटी अर्जुन लाल जीनगर मंत्री गोपाल सिंह कृष्णावत उपाध्यक्ष जितेश पोखरना मंत्री त्रिलोक माली सुरेश माली पार्षद अर्जुन गुर्जर गोटू गुर्जर भगवती लाल सोनी पूर्व पार्षद के केशरीमल वेद कृष्णकांत सिगलीघर मौजूद रहे अंत में अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन पर राज्य बजट की विस्तृत चर्चा की तथा राजसमंद जिले की बजट घोषणा पर प्रकाश डाला जिले को बजट में 8000 करोड़ की घोषणा पर जल कल्याणकारी सरकार एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार प्रकट किया।

हवन शांति कार्यक्रम आयोजित

मंडफिया, (निसं)। समीपवर्ती घोड़ा खेड़ा गांव में स्थित गातोड़ श्याम मंदिर में नाग पंचमी के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना के साथ हवन शांति कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर रात भर गातोड जी, भेरूजी के भजनों की धूम रही। भक्तजन रात भर भजन कीर्तन का आनंद लेते रहे। इससे पूर्व गातोड़ श्याम की दोनों नाग प्रतिमा का आकर्षण आंगी सजाई गई। इसके बाद पुजारी गादीपति भगवान लाल जी ने दोनों नाग प्रतिमा की विशेष पूजा अर्चना कर चंदन, इत्र लगाकर प्रसाद का भोग लगाया। दोपहर बाद मंदिर परिसर में बनी स्थाई हवन वेदी पर पुजारी भगवान लाल जी के सानिध्य में पंडित सोहनलाल शर्मा ने वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन कराया। पूर्णाहुति के बाद विशेष आरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर पुजारी भगवान लाल, पुजारी प्रकाश गर्ग रतलाम, पुजारी सुरेश जयसमंद, पूर्व सरपंच शंकर लाल पाटीदार घोड़ा खेड़ा, कालू पाटीदार, लच्छी राम, मादू सेन, सुख लाल शर्मा, मिठू माराज, भेरू माराज, मांगीलाल, भमरू लाल, चौकीदार विष्णु शर्मा, रमेश चंद्र, राम लाल सहित बड़ी संख्या में बाहर के गांवों से आए भक्त एवं घोड़ा खेड़ा ठाम वासी उपस्थित थे। इसी प्रकार समीपवर्ती नाल्या खेड़ा गांव में स्थित गातोड़ श्याम मंदिर में पुजारी रामलाल गुर्जर के द्वारा नाग प्रतिमा की विशेष पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर पंडित कन्हैयालाल नौसालिया के मंत्रों उच्चारों के साथ एवं पुजारी रामलाल गुर्जर के सानिध्य में हवन शांति कार्यक्रम आयोजित हुआ।

राम रसोड़ा का शुभारंभ

कपासन, (निसं)। रामदेव राम रसोड़ा सत्संग मंडल कपासन द्वारा वार्ड नंबर एक धमाना मेन रोड पर हर साल के भांति इस साल भी राम रसोड़ा का शुभारंभ धार्मिक अनुष्ठान व विधि विधान द्वारा पूजन अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम समिति के व्यवस्थापक मुकेश चंदेल ने बताया शनिवार को समिति द्वारा बाबा रामदेव जी की चित्र पर धार्मिक अनुष्ठान विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर व ध्वज लगाकर वार्ड नंबर एक कपासन धमाणा रोड मेन रोड के पास शुभारंभ किया गया जहां पर रामदेवरा जाने वाले पैदल यात्रियो को रात्रि विश्राम ठहरने के लिए सुबह चाय नाश्ता एवं दोनों समय भोजन की व्यवस्था निशुल्क की गई है। जो बाबा राम जी की बीज तक निशुल्क व्यवस्था बाबा रामदेव जी की जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए रहेगी इस अवसर पर रामदेव जी के भोपाजी, नीलू बुआ जी , पार्षद नरेश खटीक, रमेश, पोखर कुमावत भवानी जीनगर , सुनील सोनी, जमनालाल माली , गोपाल सुथ, केशव माली ,सहित सैकड़ों नगर के भक्त जन मौजूद थे। कार्यक्रम के पश्चात महा आरती की गई और प्रसाद भोग लगाकर भक्तजनों में वितरित किया गया।

चारधाम की यात्रा कर लौटे तीर्थ यात्री

कानोड़, (निसं)। निकटवर्ती ठाम बड़वाई से चार धाम की यात्रा कर लौटने पर तीर्थ यात्रियों के दल का ठामीणों ने भव्य स्वागत किया। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत भ्रमण चार धाम की यात्रा पर गए दल के साथ बड़वाई निवासी प्रसिद्ध भजन गायक धनराज जोशी परिवार के साथ शामिल थे जिनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उत्साह के साथ फूल मालाओं से लाद कर जोशी का स्वागत किया। नए परिधानों के साथ जोशी सहित तीर्थ यात्रियों के दल को बैंडबाजो के साथ गांव के मुख्य चौराहे से होते हुए जुलूस के रूप में चक्र भवानी माताजी मंदिर ले जाया गया जहां प्रसाद वितरण के बाद चारभुजा नाथ पर सत्यनारायण भगवान को वागा धारण कराया गया। इस दौरान काफी संख्या में ठामीण महिला पुरुष वह बच्चे शामिल थे। तीर्थ यात्रियों का दल ने 75 दिन की यात्रा में 12 ज्योतिर्लिंग, 7 पुरी व 42 प्रमुख शक्तिपीठों के दर्शन किए। गणपत जोशी ने बताया कि सांवरिया सेठ मंडफिया से शुरू हुई यात्रा द्वादश ज्योतिर्लिंग 7 पुरी चार धाम 42 शक्तिपीठ कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी भारत भ्रमण के बाद सांवरिया सेठ के दर्शन कर लोटे।

सरकार संगठित अपराधियों के गिरोह को खत्म करेगी: खराड़ी

बांसवाड़ा, (निसं)। क्षेत्र में हो रही पथराव की घटनाएं संगठित अपराध की श्रेणी में आती है ग्रुप बनाकर बकायदा चुनौती देकर अपराध किये जा रहे हैं। ऐसे में सरकार इन संगठित अपराधियों के गिरोह को प्राथमिकता से खत्म करेगी। उक्त उद्गार केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराडी ने पत्रकारों से बातचीत में व्यक्त किये।

■ **पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने कहा कि सांसद रोत के बांग्लादेश जैसे हालातों के बयान निंदनीय है**

भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी।

उन्होंने बताया कि युवाओं को गुमराह किया जाता है कि उन पर आईपीसी की कोई धारा लागू नहीं होती है ऐसे में भ्रमित लोग लूटने, कूटने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें कानून पर विश्वास रखना चाहिए और व्यवस्थाएं कानून से ही चलेंगी। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता देना हर व्यक्ति का कर्त्तव्य है। बांग्लादेश के संबंध में हालही में सांसद राजकुमार रोत के बयानों को खराडी ने दुर्भाग्यजनक बताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में उत्पात हुए, लोकसभा और पीएम हाऊस में तोडफोड की गयी और पीएम को देश छोडना पडा। उन्होंने कहा कि इस मामले में संपूर्ण विपक्ष ने भी एकजुट होकर सरकार के प्रति भरोसा जताया। अब यदि कोई एक पार्टी कुछ ओर चाहती है तो वह अपना मंतव्य स्पष्ट करे। उन्होंने कहा कि भाषण देना आसान है लोकतांत्रिक तरीके से राजनैतिक पार्टियां आंदोलन करती है लेकिन हर पार्टी मर्यादा में रहकर काम करती है।

खराडी ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि 1962 के बाद पहली बार मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं और इस सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही बजट में शानदार और जानदार योजनाएं दी है। उन्होंने बताया कि मोदी किसान, युवा, महिला और गरीब को ही जाति बताते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पादन में लचीलापन लाया गया जहां जैसा वातावरण है वहां वैसी खेती का नवाचार किया जा रहा है। इसी तरह रोजगार के लिये कौशल विकास एवं स्कील को महत्व दिया जा रहा है। इसी तरह विद्युत क्षेत्र में सोलर प्लान्ट को महत्व दिया जा रहा है। खाली भूमि पर भी सॉलर प्लान्ट लगाये जायेंगे। इसी तरह शिल्पकारों के लिये विश्वकर्मा योजना तैयार की गयी है इससे हस्तनिर्मित वस्तुओं को आर्थिक मदद और बाजार भी मिलेगा जिससे परम्परागत कलाएं जीवित रहेंगी। जनजाति उत्थान के लिये पीएम आदर्श सडक योजना बनाई गयी है। 500 से अधिक आबादी वाले गांवों को केन्द्र से सीधा 20 लाख रुपया मिलेगा। खराडी ने कहा कि इसी तरह प्रदेश का बजट भी जानदार और शानदार रहा। पहली बार केन्द्र से पहले राज्य सरकार ने अपना बजट पेश किया जिसकी विपक्षी भी प्रशंसा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम वोटों की खेती के लिये नहीं आये हैं उन्होंने बताया कि जनजाति महापुरुषों के इतिहास को भी जनता के सामने रखा जा रहा है। जब उनसे सरकारी कर्मचारियों के राजनैतिक मंचों पर आने के बारे में सवाल किया गया तो खराडी ने कहा कि सामाजिक मंच पर कोई भी जा सकता है और जब कोई सरकारी कर्मचारी राजनैतिक मंच पर आयेगा तो उसे घर भेजेंगे। पत्रकार वार्ता में पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया, विधायक कैलाश मीणा, पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर, पूर्व राज्यमंत्री धनसिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष लाभचंद पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम पालीवाल, दीपसिंह वसुनिया, नरेन्द्र वैष्णव, संजय पंड्या, राजेश कटारा आदि मौजूद रहे।

पूर्व केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने कहा कि सांसद रोत के बांग्लादेश जैसे हालातों के बयान निंदनीय है। उन्होंने कहा कि वे मुंगेरीलाल के हसीन सपनें देख रहे हैं देश नीतियों व संविधान से चलता है। उन्होंने कहा कि वागड क्षेत्र में विकास की विपुल संभावनाएं है लेकिन दुर्भाग्यवश चुने हुए जनप्रतिनिधि भडकाऊ बयान दे रहे हैं।

कावड़ यात्रा आज से

बांसवाड़ा, (निसं)। वागड प्रयाग बैणेश्वर धाम से मंदारेश्वर मंदिर तक 2 दिवसीय भव्य कावड यात्रा 11 अगस्त से प्रारंभ होगी। कावड यात्रा संघ के संरक्षक कान्तिलाला पटेल ने बताया कि रविवार सुबह से कावड यात्री वाहनों से बैणेश्वर धाम वागड प्रयाग पहुंचेगें वहां से त्रिवेणी संगम पर स्नान ध्यान पूजन व आरती के पश्चात कावडो में त्रिवेणी संगम का जलभर कर नंगे पैर मंदारेश्वर महादेव मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। कावड यात्रा संघ के अध्यक्ष रणजीत सिंह शेखावत ने बताया कि हजारों कावड यात्री 11 अगस्त की मध्य रात्रि से मंदारेश्वर मंदिर पहुंचना आरम्भ करेंगे।

भागवत कथा कल से

बांसवाड़ा, (निसं)। बांसवाड़ा शहर की बाहुबली कॉलोनी में कथा वाचक आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री के मुखारविंद से आगामी 12 से 18 अगस्त तक भागवत कथा होगी।

तिरंगा साइकिल रैली में दिखा उत्साह

बांसवाड़ा, (निसं)। केन्द्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा निर्देशित और प्रदेश के मुख्य सचिव द्वारा वीसी में दिये निर्देशों की अनुपालना में जिले में शनिवार को निकली तिरंगा साईकिल रैली ने शहर में उत्साह और देशभक्ति का ज्वार उमडाया। बच्चों ने उल्लास और उमंग से भाग लेते हुए खासा रोमांच जगाया।

हर घर तिरंगा 2024 कार्यक्रमों की कडी में शनिवार को तिरंगा साईकिल रैली को गांधी मूर्ति सर्कल से अतिरिक्त जिला कलेक्टर अभिषेक गोयल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन, जिला कलेक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव और अन्य अधिकारियों के साथ साईकिल चलाने का मौका पाकर बच्चे गद्गद् हो गये। रैली में स्कूली बच्चों के साथ ही स्काउट गाइड, एनसीसी और अन्य संभागियों ने उत्साह से भाग लिया। तिरंगा साईकिल रैली गांधी मूर्ति सर्कल से शुरू होकर कुशलबाग, पाला रोड, मोहन कॉलोनी सर्कल, हेमू कॉलोनी सर्कल होते हुए महात्मा गांधी स्कूल पहुंची जहां विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलिमा सेमसन और स्टाफ के साथ गाइड्स ने अतिथियों एवं संभागियों का स्वागत किया। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने बच्चों से अपील की कि 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों पर तिरंगा जरूर फहराएं और अन्यों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर नगर परिषद आयुक्त मोहम्मद सोहेल, सहायक शिक्षा निदेशक भरत पंड्या, यश सराफ, राहुल सर्राफ, कपिल पुरोहित, मुकेश भावसार,रिसोर्स पर्सन विनीत शुक्लाबालिका चंद्रपाल गेट, स्कूल स्टाफ, बच्चे और स्काउट्स गाइड्स मौजूद रहे। सीओ स्काउट दीपेश शर्मा ने बताया कि रैली प्रभारी मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी रेखा रोत एवं सहायक प्रभारी वागड पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी एवं बांसवाडा नगर परिषद के निर्देशन में आयोजित तिरंगा साईकिल रैली में साईकिल मित्रों की टीम, नई आबादी, नूतन स्कूल, चंद्रपोल गेट, नगर स्कूल आदि विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

तिरंगा यात्रा में सम्मिलित विद्यार्थियों को तिरंगा प्रदान करते संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन, जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव व अन्य अधिकारी।

सार-समाचार

विश्व आदिवासी दिवस पर रक्तदान

डूंगरपुर, (निसं)। जिला अस्पताल डूँगरपुर में विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में रॉयल ग्रुप सेवा संस्थान के बैनर तले युवाओ ने मानवता ओर इंसानियत की मिसाल पेश करने हेतु प्रति वर्ष की भांति ब्लड बैंक में विजय परमार, उपदेश डिण्डोर, लोकेंद्र कलाल, प्रवीण सिंह, दुर्गेश रोत, नीरज सेवक सागवाडा, मुकेश, कृष्णराज, जीवराज, सहित 11 यूनिट रक्तदान किया। युवाओ से अपील करते हुए कहां कि स्वत्रंता दिवस के उपलक्ष्य में 14 अगस्त को जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विजयाराजे ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले स्वैच्छिक रक्तदान में बढचढ कर हिस्सा लेने का आ ान किया। संस्थान द्वारा युवाओ ने रक्तदान कर जीवदया ओर सेवा से जोडने पर बल दिया। इस मौके पर टीम रॉयल ग्रुप सेवा संस्थान की शाखा डूंगरपुर एवं सागवाडा गौरक्षा दल का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर ग्रुप के सरक्षक मोहन कोटेड, सुनील अहारी, रितेश परमार, विजय डामोर, राजेन्द्र परमार, हेमेंद्र डामोर, रश्मि अहारी, गीता रोत, अभिषेक कटारा, विपिन कटारा, मुकेश अहारी, प्रकाश परमार, शेखर डूँगरपुरए यशवंत गमेती, कांतिलाल अहारी, विजय कटारा, विष्णु, अनिल कोटेड, दीपक कोटेड, रोहित, मनीष बारिया, वासुदेव रोत, जितेंद्र, मयंक जोशी, लोकेश पंचाल, मयूर भोई, गौरक्षक हितेष राज भोई सहित साथी उपस्थित रहे।

उर्स की तैयारियां अंतिम चरण में

कपासन, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. का 83वें तीन दिवसीय उर्स की तैयारिया अंतिम चरण मे, उर्स मे कार्य करने के लिए कमेटिया गठित की। दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बाबा हुजूर का तीन दिवसीय उर्स 12 अगस्त से शुरू होकर 14 अगस्त बुधवार को कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगें। उर्स के लिए तैयारिया अंतिम चरण मे है नसीब टेन्ट हाउस उदयपुर के हाजी असलम भाई छीपा 30 मजदूरो के साथ 20 दिन से खूबसुरत वाटर प्रुफ टेन्ट लगाने मे लगे हुवे है। भीलवाडा के चाँद जी लाईट डेकोरेशन वाले 18 मजदूरो के साथ 15 दिन से दरगाह परिसर को जगमगाने के लिए डेकोरेशन के कार्य मे लगे हुवे है। औलिया मस्जिद, आयशा मस्जिद, गुम्बद, शाही महफिल खाना, अहमद कबिर मंजिल, बुलन्द दरवाजा के दोनो तरफ सभी कमरे, दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय व मुसाफिर खाने मे रंग रोगन दो माह से लगातार चल रहा है। आहता ऐ नूर के पूर्व, उत्तर, दक्षिण के डोम मे पी.वी.सी. का कार्य हो चूका है। चमन भाई जावद वाले फ्लोवर डेकारेशन से दरगाह परिसर को सजाने मे लगे है। अहमद कबीर मंजिल मे दिल्ली की पेरोफ्लेक्स कम्पनी द्वारा डोम लगाने का कार्य अंतिम चरण मे है। दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी के अनुसार मेला ठाउण्ड मे 700 से अधिक दुकानदारो को दुकाने लगाने के लिए प्लॉट आंवटित कर दिए गए है। डोलर, झूला-चकरी लगाने वाले अपने कार्य मे लगे हुए हैं।

ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर निकाला जुलूस

राजसमंद, (निसं)। अगस्त। पेरिस ओलिंपिक में भारत हॉकी मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पेन को 2-1 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता है। हॉकी में ये भारत की जीत का जश्न शुक्रवार देर शाम को शहर की सडकों पर देखने को मिला है। हंटर हॉकी क्लब के नेतृत्व में हॉकी प्रेमियों ने तिरंगा लगाकर बाइक रैली निकाली गई। यह बाइक रैली विवेकानंद चौराहा से शुरू हुई जो मुखर्जी चौराहा, जेके मोड, मैन चौपाटी, कांकरोली पुराना बस स्टेण्ड जलचक्की होती हुई पुनः मुखर्जी चौराहा पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। इससे पहले कांकरोली मैन चौपाटी पर भारत माता के जयकारों की गुंज के सथ भव्य आतिशबाजी की गई। तिरंगा रैली जैसे ही कांकरोली चौपाटी पर पहुंचे तो खेल प्रेमियों ने जोरदार आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, नगर परिषद सभापति अशोक टांक, पूर्व सभापति सुरेश पालीवाल, आयुक्त बृजेश रॉय, उपसभापति चुन्नीलाल पंचोली, सुभाष पालीवाल, राजकुमार अग्रवाल, दिनेश कुमावत, अनिल सनाढ्य, अधीशाषी अभियंता तरूण बाहेती, सहायक अभियंता शंकरलाल चंगेरीवाल, नंदलाल सुथार, गिरीराज माली, श्याम सुंदर पालीवाल, मोहन कुमावत मेवाड, कुलदीप सिंह गौड, विपीन सेन, सुरेश ढिंढोरिया, सत्तार शाह सहित सहित सैकडो खेल प्रेमी एवं शहरवासी मौजूद थे।

अजगर का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

राजसमंद, (निसं)। पीपरडा वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत ने अपनी टीम मेंबर अनिल, यशवंत, राजेश के साथ मिलकर नाग पंचमी के दिन शुक्रवार को अलोक स्कूल के पीछे शिव नगर में पंकजसिंह कडेचा के घर पर जूते में छिपे 2 फीट लम्बे अजगर के बच्चे को रेस्क्यू कर जंगल में छोडा। बताया गया कि शुक्रवार दोपहर में स्कूल से छुट्टी होने के बाद पंकजसिंह कडेचा का बच्चां जैसे ही घर आया तो उसने जूते के अंदर सांप को घुसते हुए देखा तो वो घबरा गया। इस पर उन्होंने इसकी सूचना पिपरदा वन्यजीव प्रेमी नवीन गहलोत को दी।

बजट घोषणाओं के काम में तेजी लाएं : डॉ प्रेमचंद बैरवा

राजसमंद, (निसं)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा ने शनिवार को राजसमंद कलेक्ट्रेट में महत्वपूर्ण बैठक लेकर अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं की समीक्षा की।

बैठक में राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनीदेवी जाट,

■ **उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेम चंद बैरवा ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के दिए निर्देश**

कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा करते उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा।

जिला कलक्टर डॉ भंवरलाल, एसपी मनीष त्रिपाठी, उप वन संरक्षक सुदर्शन शर्मा, एडीएम नरेश बुनकर, एएसपी महेंद्र पारीक, जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड, एसडीएम अर्चना बुगालिया, आमेट उपखंड अधिकारी रक्षा पारीक, प्रधान अरविन्दसिंह राठौड सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने विभिन्न विभागों द्वारा अब तक की गई प्रगति का अवलोकन किया और सुनिश्चित किया कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन हो। डॉ बैरवा ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में घोषित सभी योजनाओं और परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता के हित में कार्य करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए और इसके लिए सभी विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा।

उप मुख्यमंत्री डॉ बैरवा ने कहा कि बजट घोषणाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए वे नियमित रूप से जिला प्रशासन के साथ समीक्षा कर रहे हैं। पूर्व में भी बजट घोषणाएं होते ही बैठक लेकर निर्देश दिए गए थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों में बजट घोषणाओं के अनुसार काम में तेजी लाएं और किसी भी प्रकार की देरी या अडचनों को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सरकार इसे लेकर गंभीर है और इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। बैठक में विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित थे। जिन्होंने अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ बैरवा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता की सेवा है और इसके लिए सभी योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन अनिवार्य है।

उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे इस दिशा में समर्पण के साथ कार्य करें और बजट घोषणाओं को समय पर पूर्ण करें। बैठक में उन्होंने राज्य बजट 2०24-25 अंतर्गत 353० करोड रुपए की लागत से जाखम बांध आधारित वृहद पेयजल परियोजनाए 150 करोड रुपए की लागत से राजसमंद झील में जल की आवक में अभिवृद्धि करने के लिए खारी फीडर की प्रवाह क्षमता को बढाने के लिए जीर्णोद्धार तथा आवश्यक मरम्मत कार्य, 40.93 करोड रुपए की लागत से देवगढ तथा आमेट के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से उप जिला चिकित्सालयें में क्रमोन्नत किया जाना, कुंवारिया के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किया जाना, राज्यावास उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत किया जाना आदि घोषणाओं की समीक्षा की।

कॉन्फ्रेंस 250 से ज्यादा विशेषज्ञों ने की शिरकत

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के बाल एवं शिशु रोग विभाग,आईऐपी इन्टेन्सिव केयर चैप्टर इण्डिया एवं इण्डियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक उदयपुर के सयुक्त तत्वावधान में पीडियाट्रिक क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेस 'लेकसिटी पिडक्रिटकॉन 2024 का उदघाटन पीएमसीएच के चेयरमैन राहुल अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल,ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल,सीईओ शरद कोठारी, पीएमसीएच के प्रिसिंपल एवं डीन डॉ.एम.एम.मंगल, आईऐपी, उदयपुर ईबी मेम्बर डॉ.देवेन्द्र सरीन, कॉन्फ्रेस के चेयरमेन डॉ.सुधीर मावडिया एवं सचिव डॉ. पुनीत जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन करके किया।

आयोजक सचिव डॉ. पुनीत जैन ने बताया कि इस लेकसिटी पिडक्रिटकॉन में विभिन्न टेक्निकल सेशनों में बाल एवं शिशुओं के क्रिटिकल केयर की नवीन विधाओं पर चर्चाए की। जिसमें एम्स रायपुर के डॉ. अतुल जिंदल ने बच्चों में अस्थमा पर,एम्स, ऋषिकेश के डॉ. लोकेश तिवारी ने बच्चों में फेफडो की गंभीर समस्याओं पर,डॉ अरुण बंसल, पीजीआईएमईआर चंडीगढ ने बच्चों में मस्तिष्क की गंभीर समस्याओं के उपचार की नई विधाओं के बारे में बताते हुए अपने अनुभव शेयर करें। इस दौरान राजस्थान मेडिकल काउंसिल के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. मनीष शर्मा ने अंग दान पर अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई

कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाते सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल।

राजसमंद, (निसं)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह राउमावि राजनगर में किया गया। जहां सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बच्चों को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में बच्चों एवं अध्यापकों को सम्बोधित करते हुए सीएमएचओ डॉ बिन्दल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की अमूल्य सम्पत्ति और सुदृढ भविष्य उस देश के बच्चें और किशोर - किशोरियां हैं, इसलिए बच्चों का स्वस्थ होना अति आवश्यक है। बच्चों के शारीरिक विकास और बौद्धिक विकास के लिए निश्चित समय अंतराल पर कृमि से मुक्त करना आवश्यक है जिससे वें अपना बेहतर इस समाज को दे सकें। उन्होंने इस दौरान बच्चों को मोबाईल और सोशल मीडिया से दूर रहने एवं अपने पढाई के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियों खेलकूद पर पर्याप्त ध्यान देने के लिए भी आव्हान किया।

डिप्टी सीएमएचओ डॉ नरेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की आवश्यकता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 1 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के बच्चो एवं किशोर- किशोरियों को एल्बेंडाजॉल की दवा खिलाकर कृमि मुक्त किया जाएगा। कृमि संक्रमण बच्चों व किशोर-किशारियों के शारीरिक विकास, हिमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर हानिकारण प्रभाव डालता है। एक निश्चित समय अंतराल पर कृमि मुक्त करने से बच्चें के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है। इससे पूर्व प्रधानाचार्य कमलेश कहाल्या ने अतिथियों का उपरणा ओढाकर एवं पगडी पहनाकर स्वागत किया तथा विद्यालय में इस अभियान को लेकर की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी